# जिला उद्योग केन्द्र, गोपालगंज

इकाई का नाम :– मुकेश इन्टर प्राईजेज

प्रो0 का नाम :– श्री मुकेश बैठा

पिता का नाम :– श्री छबीला बैठा

इकाई का पता :– ग्राम–लामीचौर चौबरिया टोला, पो0–लामीचौर, गोपालगंज।

मै मुकेश कुमार 2021 के पूर्व में बेरोजगार था। वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति उद्यमी योजना में मेरा (**CMSCST 20217970754147**) चयन हुआ। प्रथम किस्त की राशि प्राप्त होने से पूर्व मुझे व्यवसाय चलाने का 15 दिनों का प्रशिक्षण आर0सेटी0, माझा, गोपालगंज के माध्यम से कराया गया। जिसमे उद्योग विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण के बाद मुझे 4.00 लाख रू0 की राशि प्राप्त हुई। जिससे मशीन एवं शेड निर्माण किया। प्रथम किस्त की राशि की उपयोगिता के जाँचोपरान्त द्वितीय किस्त के रूप में 4.00 लाख रू0 की राशि प्रादन की गई जिसमें मशीन एवं कच्चा माल की खरीदारी की गई एवं तृतीय किस्त के रूप में 2.00 लाख रू0 कार्यशील पूँजी के लिए दिया गया। मैने प्राप्त राशि से 6 लोगों के साथ प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया। मै अपनी वस्तु निर्माण की इकाई में टी–शर्ट, पैंट, मच्छरदानी का निर्माण कर रहा हूँ एवं मौसम के अनुरूप अन्य वस्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। शुरूआती दौर में मेरे द्वारा निर्माण किये गये उत्पाद सामग्री को बाजार में बिक्री करने में बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा जिसमें उद्योग विभाग गोपालगंज की सहायता से मुझे अपने उत्पाद सामग्री को बाजार में बिक्री करने में काफी सुविधा मिली।

मुझे प्रति माह 50 से 60 हजार रूपये मेरी आय होती है। इसमें मै अपने यहाँ कार्यरत कर्मियों को वेतन देने के प्रश्चात् प्रति माह मुझे 20 से 22 हजार रू0 की बचत होती है। अब मेरी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो गई है इसके लिए मै उद्योग विभाग का धन्यवाद करता हूँ।